भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3281

बुधवार, 23 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

विशेष अंतरिक्ष कार्यक्रम

3281. कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का संचार के विकास के लिए विशेष अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू करने का विचार है जिसके अंतर्गत अंतरिक्ष में अधिक उपग्रह भेजकर उच्च गति संचार नेटवर्क विकसित किया जा सकता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त उद्देश्य के लिए निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री

(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क), (ख) एवं (ग)

देश की संचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जहां पर्याप्त आप्टिकल फाइबर केबल (ओ एफ सी) संयोजकता उपलब्ध नहीं है वहाँ भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रॉडबैंड संयोजकता प्रदान करने हेतु 25 जी बी पी एस क्षमता युक्त तीन भारतीय उच्च प्रवाह क्षमता वाले उपग्रह प्रचालन में हैं। एक और उच्च प्रवाह क्षमता वाले उपग्रह का निर्माण किया जा रहा है। सरकार ने सहयात्रियों के रूप में निजी कंपनियों की भागीदारी के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र का विस्तार किया है ताकि वे देश की उपग्रह क्षमता की बढ़ती मांगों को पूरा करने हेतु उपग्रहों का निर्माण, स्वामित्व और प्रचालन कर सकें।

***